भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-222

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

एनटीए द्वारा परीक्षा संचालित करने में कुप्रबंधन

†222. **श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः**
डॉ. रानी श्रीकुमारः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत सात वर्षों के दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सरकारी अधिसूचना में अधिसूचित निर्धारित तिथि से स्थगित की गई परीक्षाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) कई परीक्षाओं को स्थगित किए जाने के क्या कारण हैं और ऐसे स्थगन को रोकने के लिए एनटीए द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;
(ग) क्या एनटीए को दूर-दराज के स्थानों में आबंटित किए जा रहे केन्द्रों और निःशक्त व्यक्तियों के लिए केन्द्रों में अपर्याप्त अवसंरचना के संबंध में छात्रों द्वारा उठाई गई शिकायतों की जानकारी है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो शिकायतें दर्ज करने के लिए क्या शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया गया है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख) वर्ष 2018 में स्थापना के बाद से, एनटीए ने 5.4 करोड़ से अधिक छात्रों को शामिल करते हुए 240 से अधिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं।
चूंकि एनटीए द्वारा आयोजित अधिकांश परीक्षाएं कई विषयों, कई पालियों में और कई दिनों तक चलती हैं, अतः कोविड-19 महामारी, लॉजिस्टिकल और तकनीकी मुद्दों, प्रशासनिक मुद्दों, कानूनी आदेशों आदि जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब विशिष्ट विषयों/पालियों के संबंध में शुरू में अधिसूचित परीक्षा तिथियों का पालन नहीं किया जा सका।

कुछेक मामलों में सम्पूर्ण परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं, जिनकी सूची **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

एनटीए ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बहुत पहले से ही प्रमुख परीक्षाओं के परीक्षा कैलेंडर की घोषणा शुरू कर दी है। परीक्षा कैलेंडर की योजना एनटीए के नियंत्रण से बाहर कारणों के लिए पुनर्निर्धारण/स्थगन हेतु समायोजित करने के लिए आरक्षित दिनों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है।

(ग) से (ङ) प्रत्येक केंद्र में शहर की प्राथमिकता और क्षमता की उपलब्धता के अनुसार कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से अभ्यर्थियों को केंद्र आवंटित किए जाते हैं। अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए शहर के विकल्पों में से एक को केंद्र के रूप में आवंटित करने का प्रयास किया जाता है। तथापि, जब अभ्यर्थियों की संख्या बहुत अधिक हो, तो कुछेक अभ्यर्थियों को उनके द्वारा चुने गए शहरों का विकल्प नहीं मिल पाता है। ऐसे मामलों में, एनटीए उन्हें निकटवर्ती स्थानों पर समायोजित करने का प्रयास करता है। दिव्यांग अभ्यर्थियों को केंद्र आवंटित करते समय यह सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दिया जाता है कि अवसंरचना दिव्यांगजनों के अनुकूल हो।
अभ्यर्थियों की शिकायतें ई-मेल और हेल्प डेस्क फोन नंबर के माध्यम से प्राप्त की जाती हैं। इनका व्यवस्थित तरीके से समाधान किया जाता है।

****

<u>अनुलग्नक</u>

माननीय संसद सदस्य श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि और डॉ. रानी श्रीकुमार द्वारा "एनटीए द्वारा परीक्षा संचालित करने में कुप्रबंधन" के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्रम संख्या	वर्ष	परीक्षा का नाम	स्थगन के कारण
1.	2020	जेईई (मुख्य) - 2020	कोविड-19 महामारी के कारण
2.	2020	नीट (यूजी) - 2020	कोविड-19 महामारी के कारण
3.	2021	जेईई (मुख्य)-2021	कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण
4.	2021	नीट (यूजी) -2021	कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण
5.	2020	सीएसआईआर-यूजीसी नेट 2020	कोविड -19 महामारी और लोजिस्टिक चुनौतियों के कारण
6.	2021	यूजीसी नेट दिसंबर 2020 और मई 2021 चक्र	कोविड -19 महामारी और लोजिस्टिक चुनौतियों के कारण
7.	2020	आईसीएआर एआईईईए 2020	कोविड -19 महामारी और लोजिस्टिक चुनौतियों के कारण
8.	2020	डीयूईटी 2020 (यूजी/पीजी/एमफिल/पीएच.डी.)	कोविड -19 महामारी के कारण दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया रोक दी गई थी।
9.	2021	सीमैट 2021	एआईसीटीई द्वारा परीक्षा पैटर्न में संशोधन के कारण
10.	2021	एआईएपीजीईटी 2021	कोविड-19 महामारी के कारण
11.	2021	जिपमैट 2021	कोविड-19 महामारी के कारण
12.	2022	इग्नू पीएचडी प्रवेश परीक्षा	प्रशासनिक कारणों से
13.	2023	स्नातक योग्यता परीक्षण - जैव प्रौद्योगिकी (जीएटी -बी)/ जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (बीईटी)	जैव प्रौद्योगिकी हेतु क्षेत्रीय केंद्रों के परामर्श के अनुसार
14.	2024	एनसीईटी 2024	तकनीकी समस्याओं के कारण
15.	2024	सीएसआईआर नेट 2024	लॉजिस्टिक मुद्दों के कारण

****